बिहार सरकार
उद्योग विभाग

**अधिसूचना** ज्ञा०विविध(योजना)-02/2016 (खादी, पुनरुद्धार)

संकल्प संख्या 4671 दिनांक 19.12.2014 द्वारा बिहार राज्य अवस्थित खादी ग्रामोद्योग संस्था/समिति के पुर्नरूद्धार योजना के अन्तर्गत ₹ 44.450 करोड की स्वीकृति प्रदान की गई है, जिसके तहत् बिहार राज्य खादी ग्रामोद्योग बोर्ड, पटना को 14.830 करोड़ उपलब्ध कराया गया है। इस राशि में से बिहार में स्थित खादी संस्थाओं/समितियों को फिक्सड कैपिटल की सुदृढ़ीकरण हेतु 1000 (एक हजार) नग मल्टी काउन्ट फाईवर चरखा 8 तकुए का (त्रिपुरारी मॉडल चरखा) उपलब्ध कराने हेतु ग्राम निर्माण मण्डल सर्वोदय आश्रम, सोखो देवरा, नवादा को सहायक अनुदान के रूप में ₹ 15999000.00 (एक करोड़ उन्सठ लाख निन्यानवे हजार) उपलब्ध करायी जायेगी।

2. यह राशि बिहार राज्य खादी ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा ग्राम निर्माण मण्डल को उपलब्ध कराई जाएगी।

3. ग्राम निर्माण मण्डल द्वारा बिहार में स्थित खादी संस्थाओं को 1000 (एक हजार) नग मल्टी काउन्ट फाईवर चरखा उपलब्ध कराया जायेगा जिसका Specification, भारत सरकार द्वारा Controller General of Patents and Designs and trade Mark, भारत सरकार द्वारा निर्गत प्रमाण में Registered Design No. 226616 एवं 226617 दिनांक 01.01.2010 में निहित है, जिसका Registered Design ग्राम निर्माण मण्डल, सोखो देवरा, नवादा को प्राप्त है।

4. चरखा संचालन एवं अन्य तकनीकी जानकारी ग्राम निर्माण मण्डल द्वारा खादी संस्थाओं/समितियों को दी जायेगी।

5. ग्राम निर्माण मण्डल द्वारा उपलब्ध कराये गये मल्टी काउन्ट फाईवर चरखा से कम से कम रु0 175–200 प्रतिदिन मजदूरी के रूप में कतिनों को प्राप्त हो सकेगी।

ह0/-
प्रधान सचिव,
उद्योग विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांक-- 1511 /पटना, दिनांक-- 29-03-16
प्रतिलिपिः-- मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, बिहार राज्य खादी ग्रामोद्योग बोर्ड, गाँधी मैदान, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

29/3/2016
प्रधान सचिव,
उद्योग विभाग, बिहार, पटना।

मुख्य कार्यपालक पदा० कार्यालय
क्रमांक 1058
तिथि 30.03.2016

30/3/16

B.